मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है

मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है,
तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है,
तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है....

ना मिलती अगर दी हुई दात तेरी,
तो क्या थी ज़माने में औकात मेरी,
तुम्ही ने तो जीने के काबिल किया है,
तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है।

मुझे है सहारा तेरी बंदगी का,
है जिसपर गुज़ारा मेरी ज़िन्दगी का,
मिला मुझको जो कुछ तुम्ही से मिला है,
तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है।

किया कुछ ना मैंने शरमसार हूँ मैं,
तेरी रहमतो का तलबगार हूँ मैं,
दिया कुछ नही बस लिया ही लिया है,
तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है।

मिला मुझको जो कुछ बदौलत तुम्हारी,
मेरा कुछ नही सब है दौलत तुम्हारी,
उसे क्या कमी जो तेरा हो लिया है,
तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है।

मेरा ही नही तू सभी का है दाता,
तू ही सबको देता तू ही है खिलाता,
तेरा ही दिया मैंने खाया पिया है,
तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है,

तेरा शुक्रिया है,
तेरा शुक्रिया है,
मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25269/title/mujhe-tumne-daata-bahut-kuch-diya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |